अध्याय

# 01

कक्षा - दशम
साप्ताहिक - गृह - कार्य

# वाक्य भेद (रचना के आधार पर)

अपने मन के भावों और विचारों को प्रकट करने के लिए तथा उन्हें दूसरों तक पहुँचाने के लिए हम वाक्यों का सहारा लेते हैं। वाक्य विभिन्न शब्दों (पदों) के योग से बनता है। वाक्य में प्रयुक्त प्रत्येक शब्द का अपना अलग अर्थ होता है। वाक्य बड़ा हो या छोटा, किसी-न-किसी विचार या भाव को पूर्णतः व्यक्त करने में सक्षम होता है।

## वाक्य की परिभाषा

सार्थक शब्दों का ऐसा व्यवस्थित समूह जिससे एक निश्चित अर्थ की प्रतीति होती हो, वाक्य कहलाता है। *जैसे–*

- छात्र पुस्तक पढ़ रहा है।
- बाबू जी भी दो-चार गोरखपुरिए पैसे खरीद लेते थे।
- फ़ादर बुल्के संकल्प से संन्यासी थे।
- नेताजी सुंदर लग रहे थे।

उपरोक्त वाक्यों में शब्द समूह व्याकरण के नियमों के अनुसार व्यवस्थित भी हैं और सार्थक भी, अतः ये सभी वाक्य सही हैं।

### वाक्य के अंग

*वाक्य के दो अंग होते हैं*

(*i*) **उद्देश्य** वाक्य में जिस **वस्तु के विषय** में कहा जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं।

(*ii*) **विधेय** वाक्य में **उद्देश्य के विषय** में जो कुछ कहा जाए, उसे विधेय कहते हैं।

*उद्देश्य तथा विधेय से संबंधित कुछ महत्त्वपूर्ण उदाहरण*

- श्याम ने बाज़ार से फल लिए।
- बच्चे पतंग उड़ा रहे हैं।
- पानवाले ने साफ़ बता दिया था।
- नवाब साहब ने फिर एक बार हमारी ओर देख लिया।

*दिए गए उदाहरणों में उद्देश्य एवं विधेय इस प्रकार हैं*

| उद्देश्य | विधेय |
|---|---|
| • श्याम ने | बाज़ार से फल लिए। |
| • बच्चे | पतंग उड़ा रहे हैं। |
| • पानवाले ने | साफ़ बता दिया था। |
| • नवाब साहब ने | फिर एक बार हमारी ओर देख लिया। |

Scanned with CamScanner

## वाक्य के भेद

*सामान्यत: दो दृष्टियों से वाक्यों के भेद किए जाते हैं*

1. अर्थ की दृष्टि से 2. रचना की दृष्टि से

### 1. अर्थ की दृष्टि से (आठ भेद)

*अर्थ की दृष्टि से वाक्य के आठ भेद किए जाते हैं*

(*i*) विधानवाचक (*ii*) निषेधवाचक
(*iii*) आज्ञावाचक (*iv*) प्रश्नवाचक
(*v*) विस्मयवाचक (*vi*) संदेहवाचक
(*vii*) इच्छावाचक (*viii*) संकेतवाचक

### 2. रचना की दृष्टि से (तीन भेद)

*रचना की दृष्टि से वाक्य के तीन भेद किए जाते हैं*

(*i*) सरल वाक्य (*ii*) मिश्र वाक्य
(*iii*) संयुक्त वाक्य

**नोट** **केवल रचना की दृष्टि से वाक्य भेद ही पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं। अत: यहाँ केवल उन्हीं का विस्तारपूर्वक वर्णन दिया जा रहा है। रचना की दृष्टि से वाक्य भेद समझने से पहले उपवाक्य को जानना आवश्यक है। अत: उसका वर्णन निम्नलिखित है**

### उपवाक्य

उपवाक्य, वाक्य का अंश होता है, जिसमें उद्देश्य और विधेय होते हैं। अत: पदों का ऐसा समूह, जिसका अपना अर्थ हो, जो सामान्यतया एक वाक्य का भाग हो तथा जिसमें उद्देश्य एवं विधेय सम्मिलित हों, उपवाक्य कहलाता है। जो उपवाक्य, वाक्य से अलग होकर भी पूर्ण अर्थ प्रकट करे, उसे प्रधान उपवाक्य तथा जो उपवाक्य प्रधान (मुख्य) उपवाक्य के बिना पूर्ण अर्थ न दे, उसे आश्रित उपवाक्य कहते हैं। उदाहरणार्थ—यदि बस आ जाए, तो मैं चल पड़ूँ। यहाँ 'तो मैं चल पड़ूँ' प्रधान उपवाक्य है तथा 'यदि बस आ जाए' आश्रित उपवाक्य है।

*उपवाक्य तीन प्रकार के होते हैं*

(*i*) **संज्ञा उपवाक्य** जो आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की क्रिया के कर्ता, कर्म अथवा क्रिया पूरक के रूप में प्रयुक्त हों, उन्हें संज्ञा उपवाक्य कहते हैं। संज्ञा उपवाक्य के आरंभ में **कि** शब्द होता है; *जैसे—*

- मैं नहीं जानता **कि** वह कहाँ है?
- माँ ने बचपन में ही घोषित कर दिया था **कि** लड़का हाथ से गया।

उपरोक्त वाक्यों में 'वह कहाँ है', 'लड़का हाथ से गया' संज्ञा उपवाक्य हैं।

(*ii*) **विशेषण उपवाक्य** जो आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य के संज्ञा पद की विशेषता बताता है, उसे विशेषण उपवाक्य कहते हैं; *जैसे—*

- वह लड़का, **जो** कल रोया था, आज नहीं आया है।
- वे फल कहाँ हैं, जिनको आप लाए थे।

उपरोक्त वाक्यों में 'जो कल रोया था', 'जिनको आप लाए थे,' विशेषण उपवाक्य हैं।

(*iii*) **क्रियाविशेषण उपवाक्य** जो आश्रित उपवाक्य प्रधान उपवाक्य की क्रिया की विशेषता बताता है, उसे क्रियाविशेषण उपवाक्य कहते हैं; *जैसे—*

- **जब** आग लगती है, तभी धुआँ उठता है।
- **जब** वह हमारी ओर देखते, तब हम कुछ लजाकर और मुसकुराकर आइना नीचे रख देते थे।

उपरोक्त वाक्यों में 'जब आग लगती है', 'जब वह हमारी ओर देखते' क्रियाविशेषण उपवाक्य हैं।

## रचना के आधार पर वाक्य के भेद

### (i) सरल वाक्य/साधारण वाक्य

जिन वाक्यों में केवल एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है तथा एक ही समापिका क्रिया होती है, सरल या साधारण वाक्य कहलाते हैं। इसमें कोई भी आश्रित वाक्य नहीं होता है; *जैसे—*

- वर्षा हो रही है।
- माँ ने खाना बनाया।
- ड्राइवर भी बेचैन हो रहा था।
- बाल पक गए थे।
- गाड़ी छूट रही थी।

उपरोक्त सभी वाक्यों में रेखांकित पद मुख्य क्रिया को स्पष्ट कर रहे हैं तथा यहाँ एक ही प्रधान वाक्य है। अत: ये सभी सरल वाक्य हैं।

### (ii) मिश्र वाक्य

जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य होता है तथा एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं; *जैसे—*

- अध्यापक ने कहा कि कल विद्यालय बंद रहेगा।
- वह लड़का मेरा मित्र है, जो पेड़ के पास खड़ा है।
- मोर ऐसा पक्षी है, जिसका नृत्य सभी देखना चाहते हैं।
- यह वही पुस्तक है, जिसे मैं ढूँढ रहा था।
- यह वही लड़का है, जो कल दौड़ में प्रथम आया था।

उपरोक्त उदाहरणों में रेखांकित अंश मुख्य उपवाक्य को दर्शा रहे हैं, जबकि शेष भाग 'गौण' या 'आश्रित' उपवाक्य हैं। आश्रित उपवाक्य को मुख्य उपवाक्य से क्रमश: ' कि', 'जो', ' जिसका' एवं ' जिसे' द्वारा जोड़ा गया है। अत: ये सभी मिश्र वाक्य के उदाहरण हैं।

#### मुख्य और आश्रित उपवाक्यों को पहचानना

- वाक्य में मुख्य उपवाक्य की क्रिया ही मुख्य क्रिया होती है।
- वाक्यों में आए आश्रित उपवाक्यों का आरंभ सामान्यतया समुच्चयबोधक शब्दों से होता है; *जैसे—*जिसने, कि, जिन्हें, जिसमें, जो, जिसको, जहाँ, जब, क्योंकि, यदि, तब, परंतु आदि।
- आश्रित उपवाक्य वाक्यों के आरंभ, मध्य या अंत में भी आते हैं; *जैसे—*
  (*i*) जिसने बालक की जान बचाई, वह युवती पालम कॉलोनी में रहती है।
  (*ii*) वह युवती, जिसने बालक की जान बचाई, पालम कॉलोनी में रहती है।

Scanned with CamScanner

### (iii) संयुक्त वाक्य

जिस वाक्य में दो या दो से अधिक सरल या मिश्र वाक्य परस्पर किसी अव्यय या योजक शब्द (और, या, तथा, एवं, परंतु, अथवा, इसलिए, अतः, फिर भी, किंतु, लेकिन, पर आदि) से जुड़े हों, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। संयुक्त वाक्य में प्रयुक्त वाक्य एक-दूसरे पर आश्रित नहीं होते हैं; *जैसे–*

- दिल्ली चलो और तुम मुझे खून दो।
- पानवाले के लिए यह एक मज़ेदार बात थी, लेकिन हालदार साहब के लिए चकित और द्रवित करने वाली।
- उनको देखना करुणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था।
- बुढ़ापा आ गया था, किंतु टेक जवानी वाली थी।
- फौज़-फाटे के साथ निकलने के दिन बीत चुके थे, इसलिए फ़ोटोग्राफ़रों की फौज़ तैयार हो रही थी।

उपरोक्त सभी वाक्यों में रेखांकित पद योजक शब्द हैं, जो दो वाक्यों को मिलाने का कार्य कर रहे हैं। अतः ये सभी वाक्य संयुक्त वाक्य के उदाहरण हैं।

## वाक्यों का रूपांतरण (परिवर्तन)

वाक्य रूपांतरण (परिवर्तन) का शाब्दिक अर्थ है–वाक्य के रूप को परिवर्तित कर देना। किसी वाक्य में अर्थ परिवर्तन किए बिना उसकी संरचना में परिवर्तन की प्रक्रिया 'वाक्यों का रूपांतरण' कहलाती है। एक प्रकार के वाक्य को दूसरे प्रकार के वाक्यों में बदलना वाक्य परिवर्तन या वाक्य रचनांतरण कहलाता है। वाक्य परिवर्तन की प्रक्रिया में इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि वाक्य का केवल प्रकार बदला जाए, अर्थ या काल आदि नहीं।

### वाक्य परिवर्तन करते समय ध्यान रखने योग्य बातें

*वाक्य परिवर्तन करते समय निम्नलिखित बातें ध्यान रखनी चाहिए*

- केवल वाक्य रचना बदलनी चाहिए, वाक्य का अर्थ नहीं।
- सरल वाक्यों को मिश्र या संयुक्त वाक्य बनाते समय कुछ संबंधबोधक अव्यय अथवा योजक शब्द जोड़े जाते हैं; *जैसे*–क्योंकि, कि, और, इसलिए, तब आदि।
- संयुक्त एवं मिश्र वाक्यों को सरल वाक्यों में बदलते समय योजक शब्दों या संबंधबोधक अव्ययों का लोप (हटाना) करना चाहिए।

## रचना की दृष्टि से वाक्य परिवर्तन

- साधारण वाक्य से संयुक्त वाक्य
- संयुक्त वाक्य से साधारण वाक्य
- मिश्र वाक्य से साधारण वाक्य
- साधारण वाक्य से मिश्र वाक्य
- संयुक्त वाक्य से मिश्र वाक्य
- मिश्र वाक्य से संयुक्त वाक्य

### साधारण वाक्य से संयुक्त वाक्य में रूपांतरण

| साधारण वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| बालक रोते-रोते चुप हो गया। | बालक रोया और चुप हो गया। |
| कठोर बनकर भी सहृदय रहो। | कठोर बनो, परंतु सहृदय रहो। |
| आलसी होने के कारण वह विफल हुआ। | वह आलसी था, इसलिए विफल हुआ। |
| अस्वस्थ रहने के कारण वह परीक्षा में सफल न हो सका। | वह अस्वस्थ था, इसलिए परीक्षा में सफल न हो सका। |
| सायंकाल होते ही पक्षी अपने-अपने घोंसलों में लौट गए। | सायंकाल हुआ और पक्षी अपने-अपने घोंसलों में लौट गए। |
| हालदार का प्रश्न सुनकर वह हँसा। | उसने हालदार का प्रश्न सुना और वह हँस पड़ा। **CBSE 2014** |
| उनकी बगल में बैठे-बैठे आइने में अपना मुँह निहारा करते थे। | वह उनकी बगल में बैठते और आइने में अपना मुँह निहारा करते थे। |
| थोड़ी देर बाद फिर लड़कों की मंडली जुट जाती थी। | थोड़ी देर होती और फिर लड़कों की मंडली जुट जाती। |

Scanned with CamScanner

## साधारण वाक्य से मिश्र वाक्य में रूपांतरण

| साधारण वाक्य | मिश्र वाक्य |
|---|---|
| स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी रहते हैं। | जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं, वे सदा सुखी रहते हैं। |
| वह जूते खरीदने के लिए बाज़ार गया। | वह इसलिए बाज़ार गया, क्योंकि उसे जूते खरीदने थे। |
| तुम उससे मिलने वहाँ चले जाओ। | तुम वहाँ चले जाओ, जहाँ उससे मिलना है। |
| निर्दयी मनुष्य राक्षस के समान है। | जो मनुष्य निर्दयी है, वह राक्षस के समान है। |
| अच्छे छात्र गुरु की आज्ञा मानते हैं। | जो छात्र अच्छे होते हैं, वे गुरु की आज्ञा मानते हैं। |
| ज्ञान-चक्षु खुल गए! मैंने उन्हें पहचान लिया। | जब ज्ञान-चक्षु खुले, तब मैंने उन्हें पहचान लिया। **CBSE 2015** |
| हालदार साहब जीप में बैठकर चले गए। | जैसे ही जीप आई, हालदार साहब उसमें बैठकर चले गए। |
| सच बोलने वाले व्यक्ति को कोई नहीं डरा सकता। | जो व्यक्ति सच बोलता है, उसे कोई नहीं डरा सकता। |

## संयुक्त वाक्य से साधारण/सरल वाक्य में रूपांतरण

| संयुक्त वाक्य | साधारण वाक्य |
|---|---|
| अध्यापक बाहर गए और बच्चे शोर मचाने लगे। | अध्यापक के बाहर जाते ही बच्चे शोर मचाने लगे। |
| वर्षा होने लगी, इसलिए वह देर से घर पहुँचा। | वर्षा होने के कारण वह देर से घर पहुँचा। |
| उसने मेहनत की और सफल हुआ। | वह मेहनत करने से सफल हुआ। |
| विपत्ति आती है और अपने भी साथ छोड़ देते हैं। | विपत्ति आने पर अपने भी साथ छोड़ देते हैं। |
| हम कल यहाँ से जाएँगे और ताजमहल देखेंगे। | हम कल यहाँ से जाकर ताजमहल देखेंगे। |
| खिड़की के बाहर देखा और दीर्घ श्वास लिया। | उसने खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ श्वास लिया। |
| चपरासी को हुक्म हुआ और कमरे के सब दरवाज़े बंद कर दिए गए। | चपरासी को हुक्म देते ही कमरे के सब दरवाज़े बंद कर दिए गए। |

## संयुक्त वाक्य से मिश्र वाक्य में रूपांतरण

| संयुक्त वाक्य | मिश्र वाक्य |
|---|---|
| तुम सच बोलते हो, इसलिए महान् हो। | तुम महान् हो, क्योंकि सच बोलते हो। |
| आपने कठिन परिश्रम किया और सफलता प्राप्त की। | आप इसलिए सफल हो गए, क्योंकि आपने कठिन परिश्रम किया। |
| सुनील ने आपबीती सुनाई और सुनने वाले रो पड़े। | सुनील ने ऐसी आपबीती सुनाई कि सुनने वाले रो पड़े। |
| रात हुई और आकाश में तारों का मेला लग गया। | आकाश में तारों का मेला लग गया, क्योंकि रात हो गई थी। |
| उससे मिल लेना, परंतु प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। | यदि उससे मिलना हो, तो प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। |
| उन्होंने मूर्ति को देखा और रुक गए। | जैसे ही उन्होंने मूर्ति को देखा, वैसे ही वे रुक गए। **CBSE 2013** |
| चौराहा आया और आँखें मूर्ति की ओर उठ गईं। | जैसे ही चौराहा आया, वैसे ही आँखें मूर्ति की ओर उठ गईं। **CBSE 2014** |
| गश्त लगती रही और लाट की नाक चली गई। | जब गश्त लग रही थी तभी लाट की नाक चली गई। |

## मिश्र वाक्य से साधारण/सरल वाक्य में रूपांतरण

| मिश्र वाक्य | साधारण वाक्य |
|---|---|
| यह वही छात्र है, जिसने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। | यह प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला छात्र है। |
| उसने कहा कि वह बहुत बुद्धिमान है। | उसने स्वयं को बुद्धिमान कहा। |
| जब तक डॉक्टर पहुँचा, रोगी मर चुका था। | डॉक्टर के पहुँचने तक रोगी मर चुका था। |
| जो प्रतिदिन व्यायाम करते हैं, वे स्वस्थ रहते हैं। | प्रतिदिन व्यायाम करने वाले स्वस्थ रहते हैं। |
| जो व्यक्ति परिश्रम करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। | परिश्रम करने वाले व्यक्ति को सफलता अवश्य मिलती है। |
| कातिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हुईं। | कातिक आते ही बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरू हो गईं। |
| जिन बालकों ने शोर मचाया था, वे पकड़ लिए गए हैं। | शोर मचाने वाले बालक पकड़ लिए गए हैं। |
| मैंने एक आदमी देखा, जो बहुत बीमार था। | मैंने एक बहुत बीमार आदमी देखा। |

Scanned with CamScanner

## मिश्र वाक्य से संयुक्त वाक्य में रूपांतरण

| मिश्र वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| सीमा इसलिए विद्यालय नहीं गई, क्योंकि वह बीमार है। | सीमा बीमार है, इसलिए वह विद्यालय नहीं गई। |
| जो व्यक्ति धनी है, वह हर चीज़ खरीद सकता है। | वह धनी व्यक्ति है, इसलिए हर चीज़ खरीद सकता है। |
| यद्यपि वह पंडित है, फिर भी हठी है। | वह पंडित है, किंतु हठी है। |
| जब रावण मारा गया, तो विभीषण को राजगद्दी मिली। | रावण मारा गया और विभीषण को राजगद्दी मिली। |
| जब सभा समाप्त हुई, तो सब लोग चले गए। | सभा समाप्त हुई और सब लोग चले गए। |
| जो तोता पिंजड़े में है, वह दाल खा रहा है। | तोता पिंजड़े में है और दाल खा रहा है। |
| मोहन खिलाड़ी है, जो कभी फेल नहीं होता। | मोहन खिलाड़ी है और वह कभी फेल नहीं होता। |
| जब सुबह हुई, तो भौंरे गुनगुनाने लगे। | सुबह हुई और भौंरे गुनगुनाने लगे। |

## साधारण वाक्य से संयुक्त वाक्य और संयुक्त से मिश्र वाक्य में रूपांतरण

| साधारण वाक्य | संयुक्त वाक्य | मिश्र वाक्य |
|---|---|---|
| उनकी शर्त मानकर वह भारत आए। | उन्होंने उनकी शर्त मान ली गई और वह भारत आ गए। | वह भारत इसलिए आ गए, क्योंकि उन्होंने उनकी शर्त मान ली। |
| जाड़ा आते ही एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। | जाड़ा आता और वे एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। | जैसे ही जाड़ा आता वैसे ही वे एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। |
| सुनते ही सभी हताश होकर झुँझलाने लगे। | सुनकर सब हताश हो गए और झुँझलाने लगे। | जैसे ही सबने सुना वैसे ही हताश होकर झुँझलाने लगे। |
| मूर्तिकार ने सुनकर जवाब दिया। | मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया। | जैसे ही मूर्तिकार ने सुना वैसे ही उसने जवाब दिया। |
| हालदार साहब चौराहे पर रुककर मूर्ति को देखते थे। | हालदार साहब चौराहे पर रुकते थे और मूर्ति को देखते थे। | जैसे ही चौराहा आता हालदार साहब रुककर, मूर्ति को देखते थे। |
| मूर्तिकार कोशिश करके असफल रहा होगा। | मूर्तिकार ने कोशिश की होगी और असफल रहा होगा। | यद्यपि मूर्तिकार असफल रहा, फिर भी उसने कोशिश की होगी। |

# परीक्षा अभ्यास

**1** वाक्य की परिभाषा देते हुए उसके अंगों के नाम बताइए।

**2** संयुक्त व मिश्रित या मिश्र वाक्यों से आप क्या समझते हैं?

**3** रचना के आधार पर किस प्रकार के वाक्य में आश्रित उपवाक्य प्रयुक्त होते हैं?

**4** निम्नलिखित वाक्यों में मुख्य उपवाक्य तथा गौण या आश्रित उपवाक्य छाँटिए

(*i*) उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ।
(*ii*) उसने उस घर को खरीदा, जो उसके मित्र का था।
(*iii*) जो अच्छे खिलाड़ी होते हैं, उन्हें सब चाहते हैं।
(*iv*) मैंने कहा था कि तुम कल आ जाना।
(*v*) जो विद्वान् होते हैं, वे विनयी होते हैं।

**5** निम्नलिखित वाक्यों को सरल/साधारण वाक्यों में बदलिए

(*i*) मुझे बताओ कि तुम्हारा जन्म कब और कहाँ हुआ था।
(*ii*) उसने मुझसे कहा कि माँ को बुलाओ।
(*iii*) जब तक मेरा मित्र नहीं आएगा, मैं कहीं नहीं जाऊँगा।
(*iv*) मुसीबत आ जाए, तो घबराना नहीं चाहिए।
(*v*) अध्यापक चाहता है कि उसके शिष्य अच्छे बनें।
(*vi*) मेरा विचार है कि आज कहीं घूमने चलें।
(*vii*) वह बेइमान है, अत: शीघ्र पकड़ा जाएगा।
(*viii*) ज्यों ही वह घर पहुँचा,उस पर उसके पिता बरस पड़े। **CBSE 2016**
(*ix*) श्याम परोपकारी आदमी है, इसलिए उसे सभी पूछते हैं। **CBSE 2015**
(*x*) चुनाव परिणाम निकल आए हैं, इसलिए कल नई सरकार बनेगी।
(*xi*) जब सावन-भादो आते हैं, तब दर्जिन की आवाज़ पूरे इलाके में गूँजती है। **CBSE 2017**
(*xii*) वे उन सब लोगों से मिले, जो मुझे जानते थे। **CBSE 2017**
(*xiii*) डलिया में आम हैं, दूसरे फलों के साथ आम रखे हैं। **CBSE 2017**

**6** निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्यों में बदलिए

(*i*) मैंने उसे पढ़ाकर नौकरी दिलवाई।
(*ii*) वह खाना खाते ही खेलने चला गया।
(*iii*) कम रोशनी में पढ़ने के कारण विद्यार्थी अपनी आँखें गँवा बैठा।
(*iv*) आप वहीं बैठकर प्रतीक्षा करें।
(*v*) मेरी जो गाय काली है, वह खेत में चर रही है।
(*vi*) यदि वह तेज़ दौड़ता, तो जीत जाता।
(*vii*) वह बाहर निकला ही था कि वर्षा होने लगी।
(*viii*) शहर में भूकंप आने पर तबाही मच गई।
(*ix*) राहुल कल यहाँ आया, उसने निखिल से बात की, वह चला गया। **CBSE 2016, 13**
(*x*) कल शादी के कार्यक्रम में होने वाले शोर के कारण हम पढ़ नहीं सकेंगे। **CBSE 2013**
(*xi*) आषाढ़ की एक सुबह एक मोर ने मल्हार के नापियाउऽऽ-पियाउऽऽ को सुर दिया था। **CBSE 2017**
(*xii*) अँधेरा होते-होते चौदह घंटों बाद कूजन-कुंज का दिन खत्म हो जाता है। **CBSE 2017**
(*xiii*) शर्मीला पीलक पेड़ के पत्तों में छिपकर बोलता है। **CBSE 2017**

**7** निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्यों में बदलिए

(*i*) तुम बस रुकने के स्थान पर चले जाओ।
(*ii*) शीला ने एक पुस्तक माँगी और वह उसे मिल गई।
(*iii*) मोहन शास्त्री जी के घर हिंदी पढ़ने गया है।
(*iv*) मेहनत करने पर भी गरीबों को रोटी नहीं मिलती।
(*v*) नीरजा ने कहानी सुनाई और नमिता रो पड़ी।
(*vi*) कम आय होने पर कम खर्च करना चाहिए।
(*vii*) उसने मुझसे मामा जी के घर चलने के लिए कहा।
(*viii*) सच्चे आदमी को कभी कोई कमी नहीं रहती। **CBSE 2016**
(*ix*) उस गाँव के चारों ओर जंगल था और वह डाकुओं का गढ़ था। **CBSE 2013**
(*x*) ऊँचा पद पाकर वह और भी विनम्र हो गया। **CBSE 2012**
(*xi*) भुजंगा शाम को तार पर बैठकर पतिंगों को पकड़ता रहता है। **CBSE 2017**

**8** रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए

(*i*) पिताजी की इच्छा थी, इसलिए मैं आपसे मिलने चला आया। **CBSE 2015**
(*ii*) वह ज्वर से पीड़ित होने के कारण स्कूल नहीं आया। **CBSE 2015**
(*iii*) राजू मेरे घर आया था, क्योंकि उसे संस्कृत पढ़नी थी। **CBSE 2015**
(*iv*) जिन बच्चों ने शोर मचाया था, उन्हें पकड़ लिया गया है।
(*v*) यद्यपि वह मंत्री बन गया है, फिर भी उसका व्यवहार पूर्ववत् है।
(*vi*) इतना दहेज दिया कि देखने वालों ने दाँतों तले अँगुली दबा ली। **CBSE 2016**
(*vii*) रमेश के हाथ में चोट लग गई है, इसलिए वह स्कूल नहीं जा सकेगा। **CBSE 2014**
(*viii*) पिताजी के जीवन का यह सिद्धांत था कि व्यक्ति को समाज में विशिष्ट बनकर रहना चाहिए। **CBSE 2014**
(*ix*) मुझे खेलना अच्छा लगता है और तुम्हें गाना अच्छा लगता है। **CBSE 2013**

Scanned with CamScanner

(x) मैं तुम्हारा मित्र हूँ, इसलिए मुझे तुम अपने साथ ले चलो। CBSE 2013

(xi) पीलक जितना शर्मीला होता है उतनी ही इसकी आवाज़ भी शर्मीली है। CBSE 2017

(xii) पंख वाले चींटे या दीमक वर्षा के दिनों में निकलते हैं। CBSE 2017

**9** (क) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित उपवाक्य का उपभेद बताइए

(i) मैं उन सभी को जानता हूँ, जिन्हें शक के दायरे में रखा गया है। CBSE 2012

(ii) यह वही स्थान है, जहाँ पर कल रात कोहरे के कारण दुर्घटना हुई थी।

(iii) मालिक ने कहा कि कल छुट्टी रहेगी।

(iv) यह तुम्हें भ्रम है कि वह अमीर है।

(v) जब तुम जाओगे तभी मैं जाऊँगा।

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(i) जिस वाक्य में एक स्वतंत्र उपवाक्य होता है तथा अन्य उपवाक्य उस पर आश्रित होते हैं, उसे क्या कहते हैं? CBSE 2012

(ii) जिस वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतंत्र उपवाक्य समुच्चयबोधक अव्यय द्वारा जुड़े होते हैं, वह क्या कहलाता है? CBSE 2014, 12

(iii) जिस वाक्य में क्रिया या विधेय एक ही हो, उसे क्या कहते हैं? CBSE 2016

**10** निम्नलिखित वाक्यों में अव्यय (योजक शब्द) छाँटकर अलग लिखिए

(i) वह कल इलाहाबाद गए और आज वापस आ गए।

(ii) माँ ने बचपन में ही घोषित कर दिया था कि लड़की बहुत प्रतिभावान होगी।

(iii) वे रिश्ता बनाते थे, तो तोड़ते नहीं थे।

(iv) उनके मुख से सांत्वना के जादू भरे दो शब्द सुनना एक ऐसी रोशनी से भर देता था, जो किसी गहरी तपस्या से उत्पन्न होती है।

(v) पिता और भाइयों के लिए बहुत लगाव मन में नहीं था, लेकिन वो स्मृति में अक्सर डूब जाते।

**11** रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं?

**12** उपवाक्य किसे कहते हैं?

**13** संयुक्त वाक्यों की पहचान किस प्रकार की जा सकती है?

**14** प्रधान व आश्रित उपवाक्य किसे कहते हैं?

**15** जिस वाक्य में क्रिया या विधेय एक ही हो, उसे क्या कहते हैं? CBSE 2012

**16** निम्नलिखित वाक्यों में मुख्य उपवाक्य तथा गौण या आश्रित उपवाक्य छाँटिए

(i) यह वही लड़का है जिसके पैर में चोट लगी थी।

(ii) आप समय पर पहुँच जाएँगे या फोन पर याद दिलवाऊँ?

(iii) उसने संदेश भेजा है कि वह देर से आएगा।

(iv) यह परिधान बहुत सुंदर है, परंतु महँगा है।

(v) आपका वह मित्र कहाँ है, जो कल दिल्ली से आया था?

**17** निम्नलिखित वाक्यों को सरल/साधारण वाक्यों में बदलिए

(i) बादल घिर आए और वर्षा होने लगी। CBSE 2013

(ii) मेरे बगीचे में हरी घास है, उस घास पर बच्चे खेलते रहते हैं।

(iii) मैं चाहता हूँ कि मैं अपनी संतान को योग्य बनाऊँ। CBSE 2013

(iv) इतवार को हड़ताल है। बाज़ार बंद रहेगा। CBSE 2012

(v) वह ऐसे चल रही थी, जैसे कोई बीमार चल रहा हो। CBSE 2013

(vi) होरी गरीब किसान है और उसके पास बैल नहीं हैं। CBSE 2013

(vii) मेरे पास एक किताब है जो बहुत रुचिकर है। CBSE 2014

(viii) शिक्षक कक्षा में आए और उन्होंने पढ़ाना शुरू कर दिया। CBSE 2015

(ix) उनको पूरा-पूरा विश्वास था कि ठाकुर साहब मेंबर बन जाएँगे। CBSE 2016

(x) बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश नहीं लगाया गया तो मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ेगा। CBSE 2016

(xi) यह मेरी पुस्तक है। इसे सब पसंद करते हैं।

(xii) भगत सिंह, जो एक क्रांतिकारी देशभक्त था, स्वतंत्रता की वेदी पर बलि हो गया।

(xiii) मेरी सहेली जो गाँव में रहती है उसने मुझे उपहार दिया है।

(xiv) वह घर गया और सो गया।

(xv) जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं।

**18** निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्यों में बदलिए

(i) वह चौराहे पर खड़ा होकर उसकी प्रतीक्षा करने लगा। CBSE 2013

(ii) धनी होने पर भी उसमें अभिमान नहीं है। CBSE 2013

(iii) मैंने जब विशाल की बात सुनी, तो मैं उस पर नाराज़ हो उठी।

(vi) फूलदान नीचे गिरा। फूलदान टूट गया। CBSE 2012

(v) गरीब को लूटने के अतिरिक्त उसने हत्या भी कर दी।

(vi) मेहनती होने के कारण वह हार स्वीकार नहीं करता। CBSE 2015

(vii) उन्होंने जैसे ही शहनाई बजानी शुरू की, सब उसकी ध्वनि में मग्न हो गए। CBSE 2014

(viii) वह गाड़ी चलाने के साथ-साथ मोबाइल पर बात भी करता है। CBSE 2014

(ix) स्त्री-पुरुषों ने मिलकर आज़ादी के लिए लंबा संघर्ष किया। CBSE 2015

(x) उपदेशक मंच पर बैठकर उपदेश देने लगा। CBSE 2014



Scanned with CamScanner

(*xi*) जो अपने भाई साहब से मिलने आए हैं, उन्हें मैं जानता भी नहीं। **CBSE 2016**

(*xii*) मेहनती श्वेता अपनी कक्षा में हमेशा प्रथम आती है।

(*xiii*) यह विद्वान् है। तुम नितांत मूर्ख हो।

(*xiv*) वह खाना खाते ही खेलने चला गया।

(*xv*) वह फल खरीदने के लिए बाज़ार गया।

**19** निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्यों में बदलिए

(*i*) प्रतापी राजा अब निरंकुश हो गया है। **CBSE 2013**

(*ii*) मेरे घर के पास एक बहुत पुराना बरगद का पेड़ है। **CBSE 2013**

(*iii*) परिश्रमी लोगों को अधिक समय तक निराश नहीं होना पड़ता।

(*iv*) उसने अपने को निर्दोष घोषित किया।

(*v*) धन आते ही घमंड हो जाता है। **CBSE 2013**

(*vi*) सूर्य उदित हुआ और चारों ओर प्रकाश फैल गया। **CBSE 2014**

(*vii*) प्रतिस्पर्द्धा में प्रथम आने वाले छात्र को बुलाओ। **CBSE 2014**

(*viii*) वह बहुत विनम्र है और सर्वत्र सम्मान प्राप्त करती है। **CBSE 2014**

(*ix*) वह गाँव गया और वहाँ बीमार हो गया। **CBSE 2015**

(*x*) अनेक संस्थाएँ जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए कार्यरत् हैं। **CBSE 2016**

(*xi*) सर्वदयाल ने शीत से बचने के लिए हाथ जेब में डाला तो कागज़ का एक टुकड़ा निकल आया। **CBSE 2016**

(*xii*) वह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश गया।

(*xiii*) अध्यक्ष महोदय के आते ही सभा आरंभ होगी।

(*xiv*) किसान ने पकी फसल काट ली।

(*xv*) उसने मेरी बात मानी और सफल हो गया।

**20** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित उपवाक्य का उपभेद बताइए

(*i*) मुझे विश्वास है कि आज तुम्हें नौकरी अवश्य मिल जाएगी। **CBSE 2012**

(*ii*) आज इस बात की आवश्यकता है कि मानव प्रकृति की ओर मुड़े। **CBSE 2012**

(*iii*) मैं वहीं जा रहा हूँ, जहाँ से तुम आए हो। **CBSE 2012**

(*iv*) मैंने सोचा वह जरूर आएगा। **CBSE 2012**

(*v*) उसने अपनी कार खड़ी ही की थी कि आग लग गई। **CBSE 2012**

(*vi*) तुम आ जाना फिर साथ-साथ चलेंगे। **CBSE 2012**

(*vii*) यहाँ मुख्य अतिथि बैठेंगे और उधर दूसरे लोग बैठेंगे। **CBSE 2012**

(*viii*) वह जानता था कि मैं यह कार्य नहीं करूँगा। **CBSE 2012**

(*ix*) जो कक्षा में प्रथम आया है, वह मेरा भाई है। **CBSE 2012**

(*x*) छात्र ने बस्ता उठाया और पढ़ने चला गया। **CBSE 2012**

# व्याख्या सहित उत्तर

**1** सार्थक शब्दों का ऐसा व्यवस्थित समूह जिससे एक निश्चित अर्थ की प्रतीति होती हो, वाक्य कहलाता है। *वाक्य के निम्न दो अंग होते हैं*

(i) **उद्देश्य** वाक्य में जिसके विषय में कहा जाता है, उसे उद्देश्य कहते हैं।

(ii) **विधेय** वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाए, उसे विधेय कहते हैं।

**2** जिस वाक्य में दो या दो से अधिक सरल या मिश्र वाक्य परस्पर किसी अव्यय या योजक शब्द (और, या, तथा, एवं, परंतु, अथवा, इसलिए, अतः, फिर भी, किंतु, लेकिन, पर आदि) से जुड़े हों, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।

जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य होता है तथा एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य होते हैं, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं।

**3** रचना के आधार पर मिश्र वाक्य में आश्रित उपवाक्य प्रयुक्त होते हैं।

**4** (i) मुख्य उपवाक्य–उसने कहा
आश्रित उपवाक्य–मैं निर्दोष हूँ

(ii) मुख्य उपवाक्य–उसने उस घर को खरीदा
आश्रित उपवाक्य–उसके मित्र का था

(iii) मुख्य उपवाक्य–उन्हें सब चाहते हैं
आश्रित उपवाक्य–अच्छे खिलाड़ी होते हैं

(iv) मुख्य उपवाक्य–मैंने कहा था
आश्रित उपवाक्य–तुम कल आ जाना

(v) मुख्य उपवाक्य–वे विनयी होते हैं
आश्रित उपवाक्य–विद्वान् होते हैं।

**5** (i) तुम मुझे अपने जन्म का समय और स्थान बताओ।

(ii) उसने मुझसे माँ को बुलाने के लिए कहा।

(iii) अपने मित्र के आने तक मैं कहीं नहीं जाऊँगा।

(iv) मुसीबत आने पर घबराना नहीं चाहिए।

(v) अध्यापक अपने शिष्यों को अच्छा बनाना चाहता है।

(vi) मेरे विचार से आज कहीं घूमने चला जाए।

(vii) बेइमान होने के कारण वह शीघ्र पकड़ा जाएगा।

(viii) उसके घर पहुँचते ही उसके पिता उस पर बरस पड़े।

(ix) परोपकारी होने के कारण श्याम को सभी पूछते हैं।

(x) चुनाव परिणाम आ जाने के कारण कल नई सरकार बनेगी।

(xi) सावन-भादों आने पर दर्जिन की आवाज़ पूरे इलाके में गूँजती है।

(xii) वे मुझे जानने वाले सभी लोगों से मिले।

(xiii) डलिया में आम दूसरे फलों के साथ रखे हैं।



Scanned with CamScanner

**6** (i) मैंने उसे पढ़ाया और नौकरी दिलवाई।
(ii) उसने खाना खाया और खेलने चला गया।
(iii) विद्यार्थी ने कम रोशनी में पढ़ाई की और अपनी आँखें गँवा बैठा।
(iv) आप वहीं बैठें और प्रतीक्षा करें।
(v) मेरी गाय काली है और वह खेत में चर रही है।
(vi) वह तेज़ दौड़ता और जीत जाता।
(vii) वह बाहर निकला और वर्षा होने लगी।
(viii) शहर में भूकंप आया और तबाही मच गई।
(ix) राहुल कल यहाँ आया था और निखिल से बात करके चला गया।
(x) कल शादी के कार्यक्रम में शोर होगा और हम पढ़ नहीं सकेंगे।
(xi) आषाढ़ की एक सुबह हुई और उस सुबह में एक मोर ने मल्हार के नापियाउऽऽ-पियाउऽऽ को सुर दिया था।
(xii) अँधेरा होता जाता है और चौदह घंटों बाद कूजन कुंज का दिन खत्म हो जाता है।
(xiii) शर्मीला पीलक पेड़ के पत्तों में छिप जाता है और फिर बोलता है।

**7** (i) तुम उस स्थान पर चले जाओ, जहाँ बस रुकती है।
(ii) शीला ने जो पुस्तक माँगी, वह उसे मिल गई।
(iii) मोहन शास्त्री जी के घर इसलिए गया, क्योंकि उसे हिंदी पढ़नी थी।
(iv) उन गरीबों को भी रोटी नहीं मिलती, जो मेहनत करते हैं।
(v) नीरजा ने ऐसी कहानी सुनाई कि नमिता रो पड़ी।
(vi) यदि आय कम हो, तो कम खर्च करना चाहिए।
(vii) उसने मुझसे कहा कि मामा जी के घर चलो।
(viii) जो सच्चे आदमी होते हैं, उन्हें कभी कोई कमी नहीं रहती।
(ix) उस गाँव के चारों ओर जो जंगल था, वह डाकुओं का गढ़ था।
(x) जैसे ही उसे ऊँचा पद मिला, वह और भी विनम्र हो गया।
(xi) जब भुजंगा शाम को तार पर बैठता है, तब वह पतिंगों को पकड़ता रहता है।

**8** (i) संयुक्त वाक्य (ii) सरल वाक्य
(iii) मिश्र वाक्य (iv) मिश्र वाक्य
(v) मिश्र वाक्य (vi) मिश्र वाक्य
(vii) संयुक्त वाक्य (viii) मिश्र वाक्य
(ix) संयुक्त वाक्य (x) संयुक्त वाक्य
(xi) मिश्र वाक्य (xii) संयुक्त वाक्य

**9** *(क)*
(i) विशेषण उपवाक्य
(ii) विशेषण उपवाक्य
(iii) क्रियाविशेषण उपवाक्य
(iv) संज्ञा उपवाक्य
(v) क्रियाविशेषण उपवाक्य

*(ख)*
(i) मिश्र वाक्य
(ii) संयुक्त वाक्य
(iii) सरल वाक्य

**10** (i) और (ii) कि (iii) तो
(iv) जो (v) लेकिन

**11** रचना की दृष्टि से वाक्य के तीन भेद हैं
(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य (iii) मिश्र वाक्य

**12** पदों का ऐसा समूह जिसका अपना अर्थ हो, जो सामान्यतया एक वाक्य का भाग हो तथा जिसमें उद्देश्य एवं विधेय सम्मिलित हों, उपवाक्य कहलाता है।

**13** जिस वाक्य में दो या दो से अधिक सरल या मिश्र वाक्य परस्पर किसी अव्यय या योजक शब्दों से जुड़े हों, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। इसकी पहचान और, एवं, तथा, व आदि योजक चिह्नों से होती है।

**14** जो उपवाक्य वाक्य से अलग होकर भी पूर्ण अर्थ प्रकट करे, उसे प्रधान उपवाक्य तथा जो उपवाक्य प्रधान (मुख्य) उपवाक्य के बिना पूर्ण अर्थ न दे, उसे आश्रित उपवाक्य कहते हैं।

**15** जिस वाक्य में केवल एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है तथा एक ही समापिका क्रिया होती है, वह सरल अथवा साधारण वाक्य कहलाता है।
जैसे–नैना हँसती है।
उपरोक्त वाक्य में एक ही क्रिया (हँसती है) है। अतः यह एक सरल वाक्य है।

**16** (i) **मुख्य उपवाक्य** यह वही लड़का है।
**आश्रित उपवाक्य** जिसके पैर में चोट लगी थी।
(ii) **मुख्य उपवाक्य** आप समय पर पहुँच जाएँगे।
**आश्रित उपवाक्य** या फोन पर याद दिलवाऊँ।
(iii) **मुख्य उपवाक्य** उसने संदेश भेजा है।
**आश्रित उपवाक्य** कि वह देर से आएगा।
(iv) **मुख्य उपवाक्य** यह परिधान बहुत सुंदर है।
**आश्रित उपवाक्य** परंतु महँगा है।
(v) **मुख्य उपवाक्य** आपका वह मित्र कहाँ है।
**आश्रित उपवाक्य** जो कल दिल्ली से आया था।

**17** (i) बादल घिरने पर वर्षा होने लगी।
(ii) मेरे बगीचे की हरी घास पर बच्चे खेलते रहते हैं।
(iii) मैं अपनी संतान को योग्य बनाना चाहता हूँ।
(iv) इतवार को हड़ताल होने के कारण बाज़ार बंद रहेगा।
(v) वह किसी बीमार की तरह चल रही थी।
(vi) गरीब किसान होरी के पास बैल नहीं हैं।
(vii) मेरे पास एक बहुत रुचिकर किताब है।
(viii) शिक्षक ने कक्षा में आकर पढ़ाना शुरू कर दिया।
(ix) उनको ठाकुर साहब के मेंबर बनने पर पूरा विश्वास था।
(x) बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश नहीं लगाने पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ेगा।
(xi) मेरी पुस्तक को सब पसंद करते हैं।
(xii) एक क्रांतिकारी देशभक्त, भगत सिंह स्वतंत्रता की वेदी पर बलि हो गया।
(xiii) मेरी गाँव में रहने वाली सहेली ने मुझे उपहार दिया है।
(xiv) वह घर जाकर सो गया।
(xv) लोकप्रिय कवि का सम्मान सभी करते हैं।



Scanned with CamScanner

# स्वमूल्यांकन

1 रचना की दृष्टि से वाक्य के भेदों के नाम बताइए।
2 मुख्य उपवाक्य और आश्रित उपवाक्य में अंतर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
3 संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
4 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित उपवाक्य का उपभेद बताइए
(i) लगता है कि वह बहुत खुश है।
(ii) माँ ने कहा है कि सुबह जल्दी उठा करो।
(iii) आज इस बात की आवश्यकता है कि मानव प्रकृति की ओर मुड़े।
(iv) तुम खाना खा लेना, क्योंकि तुम्हें विद्यालय जाना है।
(v) मैंने सोचा वह ज़रूर आएगा।

5 रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए
(i) सुबह हो गई और चिड़िया गाने लगी।
(ii) बच्चा खाना खाकर सो गया।
(iii) जो देश के लिए मर-मिटता है, वही सच्चा देशभक्त होता है।
(iv) वह नौकर भाग गया, जो मेरे घर काम करता था।
(v) अध्यापक के मारने से बालक रूठ गया।

6 निम्नलिखित वाक्यों को सरल/साधारण वाक्यों में बदलिए
(i) वह कल आया और आज चला गया।
(ii) उसने एक पुस्तक खरीदी और मुझे दे दी।
(iii) जैसे उसका रहस्य खुला वह भाग खड़ा हुआ।
(iv) राणा प्रताप का घोड़ा चेतक था और वे उसे बहुत प्यार करते थे।
(v) जब शेर दिखाई दिया, तो सब लोग डर गए।

7 निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्यों में बदलिए
(i) जल्दी से जाकर किताब लाओ।
(ii) उस सेना में कई शक्तिशाली सिपाही हैं।
(iii) परीक्षा समाप्त होते ही छात्र कारावास की कारागार से मुक्त हुए।
(iv) मुख्य अतिथि के आने पर कार्यक्रम शुरू हुआ।
(v) नकल करने के कारण विद्यार्थी कक्षा में पकड़ा गया।

8 निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्यों में बदलिए
(i) मेरे पाठ्यक्रम में 'गोदान' उपन्यास है। इसके लेखक मुंशी प्रेमचंद हैं।
(ii) तुहिना ने दरवाज़ा खोला। तुहिना ने वहाँ सामान बिखरा देखा।
(iii) नीरज घर आए और सभी प्रसन्न हुए।
(iv) देश की रक्षा करने वालों को राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार दिए जाते हैं।
(v) तुम गाड़ी चलाओ और इधर-उधर मत देखो।

9 निम्नलिखित वाक्यों में मुख्य उपवाक्य तथा गौण या आश्रित उपवाक्य छाँटिए
(i) जिस पुस्तक की तुम प्रशंसा कर रहे थे, वह अच्छी है।
(ii) ज्यों ही रात के बारह बजे, बिजली चली गई।
(iii) यद्यपि वह मंत्री है, फिर भी विनयी है।
(iv) मेरा उद्देश्य है कि मैं गरीबों की सेवा करूँ।
(v) गीता में कहा गया है कि मैं मनुष्य-मात्र की सेवा करूँ।

10 निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय (योजक शब्द) छाँटकर लिखिए
(i) मेरे पिताजी चाहते थे कि मैं एक अच्छा वकील बनूँ।
(ii) बच्चों ने खाना खाया और सो गए।
(iii) पढ़ाई करो या फिर सो जाओ।
(iv) मेरा मित्र बहुत ईमानदार है, पर वह लालची है।
(v) आज वर्षा हो रही थी, इसलिए वह नहीं आया।

चिह्नित प्रश्नों का अभ्यास करें

23/05/2020

Scanned with CamScanner